प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.10.2024 / 19:45 बजे प्रादेशिक समाचार

"मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का किया आग्रह।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि।
- मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को बताया सभी जातियों, धर्मों और विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–दो साल के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरा नहीं कर पाई कांग्रेस।
-

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जीवन भर की प्रतिज्ञा है। उन्हों्ने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली् में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा और लोगों की भागीदारी से चलाया गया इस सदी का सबसे सफल वृहद आंदोलन है।

जयंती

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ 55वीं जयंती पर आज देश सहित प्रदेश में भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के सिद्धांत से आज भी हम सभी को प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। बाद में उन्होंने शहर के सी.टी.ओ. चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर भी श्रद्धाजंलि दी। राज्यपाल ने कहा कि शास्त्री जी ने जय जवान–जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया।

<u>कांग्रेस</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श व प्रेम का पथ आज भी देश का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल बराक्टा समेत पार्टी के अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे।

<u>राज्य मंत्री</u>

केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने गांधी जयंती के अवसर पर आज धर्मशाला में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किए। बाद में केंद्रीय राज्य मंत्री ने टंग नरवाना पंचायत में भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने लोगों को स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी और साफ–सफाई रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखना ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

<u>भाजपा</u>

भाजपा सांसद व पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने गांधी जयंती के मौके पर आज सोलन शहर में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और प्रदेश में भी पार्टी का दबदबा बढ़ा है।

इस बीच भाजपा शिमला मंडल ने ऐतिहासिक रिज मैदान पर राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि देशभर में स्वच्छता अभियान के आज 10 साल पूरे हुए है और इस अभियान से स्वच्छता के मामले में देश में एक बड़ी क्रांति आई है।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी सभी जातियों, धर्मों और विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करती है। वे आज हरियाणा में पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के बरवाला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव के समय ही हिमाचल की याद आती है और बीते वर्ष आई आपदा से निपटने के लिए केंद्र ने कोई मदद नहीं दी। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि आत्मनिर्भर बनने जा रहे हिमाचल प्रदेश के बारे में भाजपा नेता सच छिपा कर गलत तथ्य पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20 महीने के कार्यकाल में ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 10 में से 5 गारंटियां पूरी कर दी हैं।

<u>विक्रमादित्य सिंह</u>

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के पॉटर हिल में राज्यस्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह व स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वन्य जीव प्राणी सप्ताह और स्वच्छता अभियान को संयुक्त रूप से एक जन आंदोलन के तौर पर आगे बढ़ाने की जरूरत है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये

अभियान कार्यक्रमों तक ही सीमित नहीं होने चाहिए बल्कि इसमें हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पोटर हिल को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए 5 हेक्टेयर भूमि को स्वीकृति दी है।

समिति गठित

राज्यसभा महासचिव पी.पी. मोदी ने नई संसदीय समिति का गठन किया है। इसके तहत राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार को संसद की दो अहम स्थाई समितियां में सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्हें शिक्षा, महिला व बाल विकास, युवा व खेल की स्थायी समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके अलावा सिकंदर कुमार को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण की स्थायी समिति में भी जगह मिली है। ये समितियां सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयकों का विस्तृत अध्ययन कर उनमें सुधार के लिए सुझाव देती हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने दो साल के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने सत्ता में आते ही तानाशाही की और अपने चुनावी वायदे के अनुसार एक भी काम नहीं किया। जयराम ठाकुर ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने झूठ को सत्ता पाने और मुख्यमंत्री ने झूठ को सत्ता चलाने का साधन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग भी अब कांग्रेस की झूठी गारंटियों के झांसे में नहीं आएंगे क्योंकि लोग समझ चुके हैं कि सत्ता के लिए कांग्रेस किस तरह से झूठ बोल सकती है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश के लोगों को बिना सुविधा दिए ही झूठा प्रचार करने वाले सुखविंदर सिंह सुक्खू पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने कहा है कि मेले जहां भाई–चारे को बढ़ाते है वहीं लोगों को मानसिक रूप से सकारात्मक बनाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। सोलन विधानसभा क्षेत्र के कोटला में आज दो दिवसीय गांधी जयंती मेले के समापन पर उन्होंने कहा कि मेलों के आयोजन से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रू–ब–रू होने का अवसर मिलता है। शांडिल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए।

जगत सिंह

राजस्व और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सरकार बौद्ध संस्कृति के संरक्षण और संर्वधन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रिकांगपिओ स्थित महा बौद्धवी मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में बौद्ध धर्म मानसिक तनाव दूर करने में अहम भूमिका निभाता है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी जनजातीय संस्कृति से प्रेरणा लेते हुए इस पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने 64 लाख रुपए से बने अतिथि सभा भवन का भी लोकार्पण किया।

नवरात्र

कल से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रों को लेकर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और प्रसिद्ध मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शक्तिपीठों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने बताया कि शक्तिपीठों सहित अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में सी.सी.टी.वी. कैमरों से नजर रखी जाएगी और सुरक्षा के मद्देनज़र विशेष पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का किया आग्रह।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि।
- मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को बताया सभी जातियों, धर्मों और विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–दो साल के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरा नहीं कर पाई कांग्रेस।